विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय),नागपुर की दिनांक 14/01/2026 को 136 वीं बैठक का आयोजन

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की 136 वीं बैठक श्री पंकज कुलश्रेष्ठ , महानियंत्रक की अध्यक्षता में दिनांक 14/01/2026 को पूर्वाह्न 11.30 बजे महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉ. योगेश जी. काले, मुख्य खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई । कार्यसूची के अनुसार बैठक में पिछली बैठक (135वीं) के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत्त की पुष्टि की गई । इसके पश्चात अक्टूबर –दिसंबर ,2025 अवधि की मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई ।

बैठक में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन , कुछ प्रभाग /अनुभाग द्वारा लक्ष्य से कम हिंदी टिपण्णी का लिखा जाना ,मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ हिंदी पत्राचार आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ।

अंत में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।